तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

10 कुर्सी सम्हालने से पहले ही नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष...


12 अरूण की 15,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक...




## खबर संक्षेप

### हमर संगवारी सम्मान समारोह 25 को

**नगरी।** नगर व्यवस्था समिति नगरी का तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर 25 फरवरी मंगलवार को हमर संगवारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान नगर के मार्गदर्शकों व नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में रायपुर के आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति रात्रि 8.30 से राजबाड़ा गांधी चौक नगरी में होगी। यह जानकारी नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव ने दी है।

### उमरगांव में 27 से भागवत महापुराण

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में 27 फरवरी से 5 मार्च तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस महापुराण के कथावाचक पं. जय शर्मा कुरना कांकेर होंगे। कथा बाजार चौक के रंगमंच में सुबह 10 से 1 बजे और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।



### अटंग में रामायण स्पर्धा 26 से, मड़ई 1 को

**सिर्री।** ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 26 से 28 फरवरी तक रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 1 मार्च को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी रुद्रनाथ साहू ने दी है।



### झेरिया गाड़ा समाज के सम्मेलन में शामिल होंगे धमतरी के समाजजन

**धमतरी।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ झेरिया गाड़ा (देवदास) समाज का महासम्मेलन 26 फरवरी को बालोद के मां गौरैया धाम चौरेल में आयोजित है। इसमें धमतरी जिले से भी बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे। अध्यक्षता गाड़ा समाज की विधायक चातुरी नंद सरायपाली करेंगी। विशिष्ट अतिथि आईएएस कुमार लाल चौहान, पूर्व प्रांताध्यक्ष मानसिंह देवदास, रिखीनाथ कुंभकार, सुमन देवदास, पुर्णेन्द्र देवदास, प्रांतीय सलाहकार भागवत अस्तुरे, राजेश देवदास, सर्वगाड़ा समाज महिला प्रांताध्यक्ष लक्ष्मी नाग होंगी। कार्यक्रम में आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर भी लगेगा, जिसमें वैद्यराज प्रेमचंद देवदास धमतरी मरीजों की जांच व उपचार करेंगे।

### शेर नृत्य, बाबा की आरती, वानर सेना, ढोल पार्टी रहेगी बारात का मुख्य आकर्षण

# महाशिवरात्रि पर्व : हल्दी, मेहंदी की रस्म के बाद आज निकलेगी भगवान भोलेनाथ की शाही बारात

- बाराती बनने शहरवासी तैयार, बारात विंध्यवासिनी मंदिर से निकलकर बुढ़ेश्वर मंदिर तक जायेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


बुढ़ेश्वर महादेव


रूद्रेश्वर महादेव

महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए भक्त और मंदिर ट्रस्ट पूरी तरह तैयार हैं। भक्त दिनभर भगवान भोलेनाथ की उपासना करेंगे। शहर के बुढ़ेश्वर मंदिर, बटुकेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर, मकेश्वर, रूद्रेश्वर समेत शहर के शिव मंदिरों में दिनभर जलाभिषेक, पूजा-अर्चना व आरती होगी।

शहर के अतिप्राचीन बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हल्दी, मेहंदी, संगीत के बाद मंगलवार 25 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की शाही बारात निकलेगी। बारात विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर रामबाग, गणेश चौक होते हुए इतवारी बाजार परिसर से बुढ़ेश्वर मंदिर में समाप्त होगी। इस शाही बारात में शहर सहित ग्रामीण इलाकों के हजारों शिवभक्त शामिल होंगे। भगवान शिव की शाही बारात आकर्षक होने के साथ-साथ बड़ी मनमोहक भी होती है।

बुढ़ेश्वर मंदिर में 25-26 फरवरी को 24 घंटे का जलाभिषेक, 5:30 बजे मंगल आरती, 12:30 बजे भोग आरती, शाम 4 बजे दिव्य दर्शन, रात 8 बजे, महाआरती भोग, रात 11:30 बजे महाश्रृंगार, मध्यरात्रि में रूद्राभिषेक होगा।

इसी तरह बनियापारा के श्री श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर में 26 फरवरी को कई कार्यक्रम होंगे। सुबह 7 बजे रूद्राभिषेक, 8 बजे सम्पूर्ण श्रृंगार, शाम 7 बजे महाआरती, महाप्रसादी, दोपहर 3 बजे मनोकामना पालकी यात्रा शहर के मुख्य मार्ग से निकलेगी।

# शादी की शहनाई बजने से पहले युवक ने किया अग्निस्नान



- गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगना बरपारा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शादी के सप्ताह भर पहले युवक ने अपने ऊपर मिट्टीतेल डालकर आग लगा आत्महत्या का प्रयास किया है। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेंगना बरपारा निवासी तरूण विश्वकर्मा पिता जसवंत उम्र 23 वर्ष की एक सप्ताह भर बाद शादी की शहनाई बजने वाली थी। परिजन शादी की तैयारी में जुटे हुए थे। इसी दौरान रविवार की रात्रि युवक ने घर के कमरे में आग लगा ली। घटना की जानकारी होने पर परिजन कमरे में पहुंचे, जहां युवक आग की लपटों से घिरा हुआ था। परिजन किसी तरह आग को बुझाकर अग्निदग्ध युवक को आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। घटना में युवक 90 प्रतिशत तक झुलस चुका है। युवक की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रिफर कर दिया। संजीवनी 108 युवक को रात्रि में ही इलाज के लिए रायपुर के लिए रवाना हो गई। रिफर के दौरान तक युवक की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी।

# विद्युत बकाया राशि 23.66 करोड़, फरवरी माह में 1078 कनेक्शन काटे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी संभाग अंतर्गत धमतरी ग्रामीण, धमतरी जोन, अर्जुनी, नगरी एवं बेलरगांव के सभी उपसंभाग एवं वितरण केंद्रों में बकायादारों के लाइन काटने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि धमतरी संभाग में कुल 1 लाख 27 हजार विद्युत उपभोक्ता हैं। विद्युत बिल की कुल बकाया राशि 24.0 करोड़ है। फरवरी माह में चलाए गए सघन लाइन काटो अभियान के तहत आज तक 1078 कनेक्शन काटे गए जिनके विरुद्ध 31.2 लाख रुपए बकाया राशि में से 5.02 लाख रुपए की वसूली की गई है। बकाया वसूली एवं विद्युत कनेक्शन काटने का अभियान



लगातार जारी रहेगा। ऐसे उपभोक्ता जिनका कनेक्शन बकाया राशि के कारण काट दिया गया है उनके द्वारा स्वयं लाइन जोड़ लिया जाता है या अन्य व्यक्ति से कनेक्शन जोड़कर विद्युत का अनाधिकृत उपयोग करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के तहत कार्यवाही कर प्रकरण पुलिस थाना व न्यायालय में दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विद्युत बिल का भुगतान देय तिथि से पहले करने की अपील की है। बकाया राशि होने पर शासन की 200 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा स्वमेव बंद हो जाती है। बिजली बिल का भुगतान देय तिथि के पूर्व करें एवं होने वाली परेशानी से बचें ।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# रंजिश का बदला लेने दो युवकों ने चाकू मारकर की महिला की हत्या

- ग्राम पोटियाडीह की घटना, मृतिका के पति के साथ हुआ था आरोपियों का विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





महीने भर पहले पति के साथ हुए विवाद का बदला लेने दो युवकों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर बटंची चाकू से महिला की हत्या कर दी। घटना के बाद भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया, वहीं दूसरा युवक फरार हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह के राज गौरा चौक निवासी कुंतीबाई पटेल पति जागेश्वर उर्फ खिलानंद पटेल उम्र 40 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने घर में अकेली थी। पति बाहर गया था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक स्कूटी क्र. सीजी 05 एआर 4685 में सवार होकर जागेश्वर का पता पूछते हुए उसके घर पहुंचे। दोनों घर में घुस गए। जागेश्वर को न पाकर घर में अकेली कुंतीबाई पर धारदार बटंची चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर वहां से निकल गए। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। सूचना पर अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंच जांच में जुट गई।

### एक युवक गिरफ्तार, दूसरा फरार

परिजनों ने मीडिया को बताया कि लगभग महीनेभर पहले गांव की लड़की साइकिल से घर जा रही थी तभी बाइक सवार युवकों ने एक्सीडेंट कर दिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद जागेश्वर पटेल सहित कुछ लोगों ने बाइक सवार युवकों को रोककर इलाज व साइकिल रिपेयरिंग के लिए पैसे देने की बात कही। इसी बात को लेकर जागेश्वर के साथ विवाद हो गया था। घटना के महीने भर बाद रविवार को दोपहर को दोपहिया सवार दो युवक गांव में पहुंच जागेश्वर पटेल का पता पूछ उसके घर पहुंच गए। घर में मौजूद जागेश्वर की पत्नी कुंतीबाई पटेल पर धारदार बटंची चाकू से ताबड़तोड़ हमलाकर दिया। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद भाग रहे एक युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। वहीं दूसरा युवक फरार हो गया है। अर्जुनी पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने उक्त युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर फरार दूसरे आरोपी की तलाश में जुट गई है। दोनों आरोपी धमतरी के बताए जा रहे हैं।

### मिशन ग्राउंड में दूधिया रोशनी के बीच डीपीएल सीजन 6 का आगाज

# पोटियाडीह, अधारीनवागांव, हटकेशर, रामपुर ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मार्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा 23 फरवरी से रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन 6 का आयोजन किया गया है। मैच स्थानीय मिशन ग्राउंड में दूधिया रोशनी में हो रहे हैं। पहले दिन रविवार की रात 4 मैच खेले गए जिसमें पोटियाडीह, अधारीनवागांव, हटकेशर, रामपुर की टीम विजेता बनी। शुभारंभ अवसर पर आनंद पवार, मेघराज ठाकुर, सुधीर गुप्ता एवं क्लब के सकुश गुप्ता विशेष रूप से मौजूद थे। स्पर्धा में शहर के वार्डों से 16 तथा गांवों से 8 टीमें भाग ले रही हैं। 24 टीम को 4 ग्रुप में बांटा गया है।



पहला मैच मकेश्वर वार्ड व पोटियाडीह के खेला गया। मकेश्वर वार्ड की टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 79 रन बनाए। पोटियाडीह की टीम 4 विकेट खोकर 84 रन बनाए और विजेता बना। दूसरा मैच तरसींवा और अधारी नवांगांव के बीच खेला गया। तरसींवा की टीम 8 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 38 रन बनाए। नवागांव की टीम ने 5.1 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाए और मैच जीता। तीसरा मैच हटकेशर और औद्योगिक वार्ड के बीच हुआ। हटकेशर ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 122 रन बनाए। औद्योगिक वार्ड की टीम ने 3 विकेट खोकर 115 रन बनाए। इस प्रकार हटकेशर की टीम 7 रन से मैच जीत गई। चौथा मैच हरफतराई और रामपुर के बीच हुआ। हरफतराई ने 8 ओवर में आल आउट होकर 59 रन बनाए। रामपुर की टीम 7 ओवर में 3 विकेट पर 63 रन बनाए और मैच जीते।



## खबर संक्षेप

### जीत के साथ सुमित कुल्हाड़ी की सरपंच बनीं



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश जगह पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत हासिल कर भाजपा का मान बढ़ाया है। इसी क्रम में ग्राम कुल्हाड़ी में भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुमित योगेंद्र साहू ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। चुनावी मैदान में 2 प्रत्याशी चंद्रकला एवं सुमित साहू थी, जिसमें सुमित साहू 557 मत प्राप्त कर 128 वोटों से विजयी रही। ग्रामीणों ने बताया कि सुमित ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है। सरपंच सहित पंचों का ग्रामीणों ने ऐतिहासिक स्वागत किया।

### कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का परचम लहराया



- भाजपा प्रत्याशी कविता ने जनपद क्षेत्र क्रमांक 19 से जीत दर्ज की

**मगरलोड।** जनपद पंचायत मगरलोड में जनपद सदस्य बनने कांग्रेस-बीजेपी, निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। प्रथम चरण का पंचायत चुनाव 17 फरवरी को हुआ। जनपद क्षेत्र क्रमांक 19 पहंदा में 4 प्रत्याशी मैदान में थे। भाजपा-कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशी ने जनपद सदस्य बनने लगातार मतदाताओं से जनसंपर्क किया। चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आया। भाजपा प्रत्याशी कविता लोमश सिन्हा को 2054, कांग्रेस प्रत्याशी मोनिका फूलजी सिन्हा को 1255 तथा निर्दलीय प्रत्याशी द्रौपदी छगन सेन को 366 एवं गंगा मन्नूराम साहू को मात्र 186 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी कविता लोमश सिन्हा 799 वोट से विजयी हुई। जनपद क्षेत्र 19 पहंदा को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है जिसमें भाजपा को जीत मिली है। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य कविता सिन्हा ने राजपुर, सरगी, केंवराडीह, सोनेवारा, पहंदा के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

### शोक संतप्त परिवार को दी सहायता राशि

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र. 1 के शिवप्रसाद ध्रुव के निधन पश्चात उनके शोक संतप्त परिवार से नवनिर्वाचित पार्षद राजा पवार ने भेंटकर ढांढस बंधाया। परिजनों को श्रद्धांजलि योजना के तहत तत्काल 2000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। पार्षद राजा ने अपनी ओर से सहायता प्रदान कर परिवारजनों को दुख की इस घड़ी में साथ निभाया। मृतक के पुत्र तामश ध्रुव ने वार्ड पार्षद व नवनियुक्त नपं अध्यक्ष का आभार माना।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## एक-एक कर सारी समस्याएं सुलझाई जाएंगी : ज्योति चन्द्राकर

# कुर्सी सम्हालने से पहले ही नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष का एक्शन, व्यवस्था सुधारने नापी नगर की गलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





ज्योति भानु चंद्राकर नगर पंचायत कुरुद की अध्यक्ष चुनी गई हैं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद नगरीय प्रशासन की टीम के साथ शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने वार्डों की गलियां नापनी शुरू कर दी है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को स्वच्छता को लेकर गलियों पर उतरते देख लोग काफी खुश हैं। उनका कहना है कि अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही जनता को गंदगी से मुक्ति मिल जाएगी।

गौरतलब है कि नगरीय निकाय चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों ने अभी शपथ लेकर कुर्सी भी नहीं सम्हाली है कि उनके पास नगर में व्याप्त समस्याओं के निदान के लिए संदेश आने लगे हैं। नागरिक नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर को अपनी समस्या बताने सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। उनके पेज पर अपनी दुकान के सामने 6 महीने से पड़े कांच के टुकड़े और कचरे की फोटो भेज सचिन महावर ने लिखा है कि पूर्ववर्ती जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता मित्रों को कई बार बोला लेकिन समस्या का हल नहीं निकला, अब आप पर ही भरोसा है।

खेल जगत से जुड़े संजय कुमार ने स्टेडियम में व्याप्त गंदगी की ओर ध्यान आकर्षित कराया। वीरेंद्र ने केनाल रोड क्रासिंग में आए दिन होने वाले सड़क हादसे में रोक लगाने एवं दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा जमाने वाले व्यवसायियों पर नकेल कसने की मांग उठाई है। जितेंद्र चन्द्राकर ने खेल मैदान के सामने लगाने वाले ठेले हटा यहां पर होने वाली नशाखोरी बंद कराने की जरूरत बताई। इसी तरह की शिकायत रोज सामने आ रही है। जिस पर वह नगर प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर व्यवस्था दुरुस्त करने दिशा-निर्देश दे रही है।

### शपथ ग्रहण बाद में सफाई पहले

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि जनता ने हमारी सरकार के काम से प्रभावित होकर भाजपा को नगर पंचायत अध्यक्ष बनने का मौका दिया है। चुनाव में जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए शपथ ग्रहण का इंतजार हम क्यों करें जो काम हमें कल करना है वह आज से ही शुरु करना सही है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल तक सफाई को लेकर हमारा यह अभियान जारी रहेगा। बेसिक जरुरतों के लिए हम प्राथमिकता से काम करेंगे। जनता ने मुझे नगर को संवारने की जिम्मेदारी दी है तो मैं कैसे पीछे रह सकती हूं। एक-एक कर सभी समस्या सुलझाई जाएंगी।

# दबदबा बरकरार : लगातार चार बार कांग्रेस से पति या पत्नी जीत रहे जिपं सदस्य का चुनाव





- नीलम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जैन को 2607 मतों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद विधानसभा के कांग्रेसी पति-पत्नी का दबदबा अब भी बरकरार है। लगातार 4 बार पति या पत्नी चुनाव मैदान में उतरकर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत रहे हैं। 2 बार पति ने चुनाव जीतकर तीसरी बार पत्नी को मैदान में उतार फतह हासिल की थी। इस बार फिर पति ने जीत दर्ज कर कांग्रेस का मनोबल बढ़ाया है।

छतीसगढ़ के धमतरी जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 04 में इस बार कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी नीलम चंद्राकर चुनाव जीतकर आये हैं। उन्होंने भाजपा समर्थित अपने नितकतम प्रतिद्वंद्वी तिलोकचंद जैन को 2607 मतों के अंतर से हराया। बता दें कि इससे पहले इस सीट से उनकी पत्नी तारिणी चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई थीं। पत्नी के पूर्व नीलम ही इस सीट से तथा 1 बार कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले मगरलोड क्षेत्र 05 से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए है। इस बार पुनः किस्मत आजमाकर वे अब तीसरी बार क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर अपना जनाधार बरकरार रखा है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, तारिणी चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, प्रहलाद चन्द्राकर, रमेशर साहू, रवि शर्मा, नवनिर्वाचित पार्षद रजत चन्द्राकर, मंजु साहू, डुमेश साहू, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, उर्वशी चन्द्राकर, रमेश पांडे, प्रमोद साहू, मनोज अग्रवाल, संतोष प्रजापति, लव चन्द्राकर उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा

नीलम के तीसरी बार जिला पंचायत सदस्य बनने पर उत्साहित कांग्रेसियों ने कुरुद के पुराना बाजार चौक में आतिशबाजी करते हुए जीत की खुशी मनाई। इस दौरान नीलम ने कहा कि जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत उन्हें यह जीत मिली है। इस क्षेत्र में दूसरी बार कब्जा बरकार रखने में सफल रहे, जिसके लिए सभी के आभारी हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि नीलम की जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। कुरूद निकाय में बहुमत के साथ पार्षदों की जीत तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस से पंच, सरपंच और कुछ जनपद सदस्य चुनकर आए हैं। जनता का जनादेश शिरोधार्य है जिसका हम सम्मान करते हैं।

# दुर्भावना छोड़ने से ही मिलेगी शांति : अमोही साहेब

- सिर्री में सत्संग सुनने उमड़ रहे ग्रामीण, 25 फरवरी को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम सिर्री में सत्संग समिति के तत्वाधान में सरदार सौहेंद्रसिंह गुरुदत्ता द्वारा उनके ही निवास स्थान में 23 से 25 फरवरी तक सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता बुरहानपुर के अमोही साहेब सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रवचन कर रहे हैं। सत्संग सुनने के लिए चिंवरी, गातापार, मड़ेली , फुसेरा, संकरी, आलेखुंटा सहित समीपस्थ गांवों के लोग प्रवचन सुनने पहुंच रहे हैं। 25 फरवरी को प्रवचन के अंतिम दिन सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्रवचन होगा।

द्वितीय दिवस के प्रवचन में सोमवार को प्रवचनकर्ता अमोही साहेब ने कहा कि दुर्भावना छोड़ने से ही शांति मिलेगी। धर्म के संस्कार ही मनुष्य के साथी बनते हैं। मनुष्य ही ज्ञान, सुख, सदाचार का अधिकारी है जिसे वह भोग सकता है। पशु तो इससे वंचित हैं। मानव को अपने मानव जीवन पर गर्व करना चाहिए और सत्संग कर अपने कर्म को भी शुद्ध रखना चाहिए ताकि जीवन में परम शांति का अनुभव हो सके। सत्संग करके ही मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है। अपने भीतर विराजमान परम तत्व को जानने का माध्यम सत्संग ही है।

सत्संग सुनने रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता, सौहेन्द्रसिंह गुरुदत्ता, रामेश्वर साहू बकली, गुल्फीराम साहू, फेरुराम साहू, रमेश त्रिपाठी, सालिकराम, पीलाराम साहू, घनश्याम साहू, ठाकुरराम साहू, राजकुमार, उत्तम साहू, हेमंत साहू, रामा साहू अछोटी, चेतन साहू मड़ेली, बसंत साहू चिंवरी, चंद्रसेन फुसेरा, मेहतरराम साहू, तुलाराम साहू, राधेरमन, होलाराम, कुलेश्वर सिन्हा, बबलू सिन्हा, निल्मन साहू, हीरासिंह, गुरुप्रसाद, गुरुशरण साहू भेंडरी, श्रीराम सोन, घनश्याम साहू नवापारा उपस्थित थे।

# संतों की तप शक्ति से ही संसार सुरक्षित है : सुधाकर दास

- गणेशपुर में तीन दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



सत्संग सेवा समिति, बोल बम सेवा समिति, रामायण सेवा समिति तथा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गणेशपुर में तीन दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 24 फरवरी से किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रमुख उपदेश के रूप में लहरतारा काशी से सुधाकर दास शास्त्री साहब पधारे हैं। साथ ही युवा संत गौतम दास, संत टुकेश्वर दास, संत अनुपम दास, संत रामचंद्र दास, दिनेश दास, विवेक दास भी आए हैं। कबीर सत्संग का शुभारंभ सुधाकर दास शास्त्री साहब के स्वागत सत्कार से हुआ। उसके पश्चात उन्होंने सत्संग समारोह में जगत में संतों की महिमा बताते हुए कहा कि इस संसार में संत नहीं होते तो पूरे जगत में त्राहि-त्राहि मच जाता। संतों की तप शक्ति से यह संसार बचा है नहीं तो यह संसार वीरान हो जाता। सत्संग सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तथा दोपहर 2.30 से संध्या 5 बजे तक आयोजित है। सत्संग सुनने गुलाब ध्रुव, राधेश्याम सोनवानी, डॉ ललित निषाद, राजकुमार ध्रुव, सोहन विश्वकर्मा, भगवती सोनी, कामताराम साहू, शेषनारायण, पुरुषोत्तम निषाद, रतिराम कुर्रे, प्रेमू ध्रुव, लोकेश साहू, बालचंद चतुर्वेदी, सुरेश राजपूत, वीरसिंह यादव, गोरिद साहू, जगन्नाथ ध्रुव, जगदीश साहू, विष्णु साहू, अवधराम साहू, सुरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण

# नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को मिला प्रमाण-पत्र





- बराबर वोट मिले थे, ब्लाक के 10 वार्ड पंचों का लॉटरी पद्धति से हुआ निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुरुद ब्लाक के 10 पंचों की जीत का फैसला मतगणना से नहीं, बल्कि भाग्य या तकदीर ने लॉटरी के माध्यम से तय किया। पंच पदों के लिए पांच ग्राम पंचायतों के दो-दो वार्ड में प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने पर लॉटरी निकालकर निर्वाचित होने का प्रमाण-पत्र दिया गया।

बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में हुए मतदान के बाद शनिवार को जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र के विजयी 25 जनपद सदस्य, 103 सरपंच एवं 1147 निर्वाचित पंच को स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर स्ट्रांग रूम में विजय श्री होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मतदान में बराबर मिले वोट का फैसला लॉटरी से किया गया। जिसके बाद सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रमाण- पत्र दिया गया।

निर्वाचन अधिकारी दुर्गा साहू ने बताया कि कुरुद विकासखंड के पांच ग्राम पंचायत सिर्री, कोड़ेबोड़, कन्हारपुरी, कोकड़ी-खैरा और मौरीकला के दो-दो वार्डों में बराबरी का मुकाबला देखा गया। सिर्री के वार्ड 2 और 3, कोड़ेबोड़ के 11 और 18, कन्हारपुरी के 9 और 13, कोकड़ी खैरा के 4 और 8 और मौरीकला के 2 और 3 वार्ड में उम्मीदवारों को बराबर मत मिले जिसे लॉटरी प्रक्रिया के तहत उम्मीदवार को जीत घोषित किया गया।

### लॉटरी से हुआ भाग्य का फैसला

लॉटरी प्रक्रिया के तहत कुल 27 वार्डों के उम्मीदवारों के नाम घोषित हुए, जिनमें प्रमुख रूप से यमुना ध्रुव गाड़ाडीह आर वार्ड 12, गुंजा साहू सिर्री वार्ड 2, पवन कुमार सिन्हा सिरी वार्ड 3, कीर्तनीबाई चारभाठा वार्ड 9, महेंद्र कुर्रे कोड़ेबोड़ वार्ड 11, हितेश्वरी साहू कोड़ेबोड़ वार्ड 18, नीरा कंवर कन्हारपुरी वार्ड 9, उषा शर्मा कन्हारपुरी खिलेश कुमार साहू परखंदा वार्ड 19, वार्ड 13, नरसिंग साहू मंदरौद वार्ड 3, संतोषी ध्रुव भोथली वार्ड 2, डाली ध्रुव बगदेही वार्ड 6, रामेश्वरी नगारची मौरीकला वार्ड 3, महेंद्र कुमार सेमरा बी वार्ड 13, प्रमिलाबाई साहू कातलबोड़ वार्ड 4, दुलारीबाई साहू मौरीकला वार्ड 2, हेमलता साहू भैंसमुंडी वार्ड 3, धनेश्वरी साहू मुरा वार्ड 1, कुमारीबाई साहू पचपेड़ी वार्ड 7, छबिलाल साहू कोकड़ी-खैरा वार्ड 4, गोपालराम पटेल कोकड़ी खैरा वार्ड 8, सतरूपा साहू खर्रा वार्ड 10, मालतीबाई सेमरा सी वार्ड 16, और मंजुबाई सोनवानी सरबदा वार्ड 1 शामिल हैं।

# बी प्रमाण-पत्र की परीक्षा में 38 छात्र हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदशन एवं प्रो. आरआर मेहरा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो तथा डॉ.दीपा देवांगन सहायक कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में 24 फरवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बी प्रमाण-पत्र हेतु लिखित परीक्षा एवं वाईवा का आयोजन किया गया जिसमें 38 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। वाईवा परीक्षा में रासेयो की स्थापना, उद्देश्य एवं लक्ष्यगीत से संबंधित प्रश्न पूछे गये।

# आमगांव में नवनिर्वाचित सरपंच कमितला की विजय रैली निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत आमगांव की नवनिर्वाचित सरपंच प्रत्याशी कमितला ध्रुव की जीत पर विजय रैली डीजे की धुन पर निकली। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ जीते प्रत्याशी ने घर -घर जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आत्माराम सोरी, अजीत ध्रुव, पीलाराम कश्यप, सुरेश कश्यप, अगनूराम नेताम, जीवन नेताम, तिरेन्द्र ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari



सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी // सिन्हा सुपर बाजार के बाजू, गुरूर
धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर निकाली जाएगी महादेव की बारात

**कांकेर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्रीश्री महाकाल भक्त सेवा समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा शहर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। देवो के देव महादेव एवं जगत जननी माता पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ था। श्रीश्री महाकाल भक्त सेवा समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा इस वर्ष भी बुधवार 26 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बारात शहर में निकाली जाएगी। समिति द्वारा बुधवार 26 फरवरी को सुबह 7 बजे शिव विवाह पूजन के बाद कार्यक्रम स्थल घड़ी चौक में भंडारे का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा एवं इसके बाद शाम साढ़े 4 बजे से भव्य और पुण्यमय महादेव की बारात में नाउत नाचा झांकी के साथ श्री जय महाकाल अघोरी ग्रुप दुर्ग व आकर्षक झांकी से निकाली जाएगी, जो पूरे शहर में भ्रमण करेगी।

### एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**जगदलपुर।** राजीव भवन में कांग्रेस सरकार की रीतिनीति व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की कार्यशैली से प्रभावित होकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के समक्ष दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। इस दौरान शहर जिला अध्यक्ष ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर नए सदस्यों को विधिवत प्रवेश कराया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में शोभा गण्डोत्रा, गुरमीत कौर, कलसी, रजिन्दर कौर,अनुशा दया, मुनमुन कश्यप, जिया खान, रंजिता नायर, रेहाना बेगम, सुनीता हान, सोसन वृन्दा गुण्डे सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोषाध्यक्ष असीम सुता, उपाध्यक्ष नीला सुक्रिया, ललिता राव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों को 4 माह से मानदेय नहीं

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कर्मचारियों को 4 माह से मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। इसके चलते कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन देकर मानदेय दिलाने की मांग की। बस्तर जिला में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कर्मचारियों को 4 माह से मानदेय आहरण समय से नहीं हो रहा है, जिसके कारण आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कर्मचारीयों द्वारा मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कई बार आवेदन मौखिक और लिखित प्रेषित किया गया है। इसलिए कलेक्टर से समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने की मांग की।

### बाल श्रम अपराध कार्रवाई के लिए जिला टीम गठित

**कांकेर।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रम के उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान कार्यक्रम अनुसंधान और तथ्य-खोज अध्ययन आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन पर निगरानी के लिए जिला स्तरीय दल गठित किया है। जिला स्तरीय गठित टीम में श्रम निरीक्षक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, उप निरीक्षक जिला बाल अपराध शाखा, पुलिस विभाग, एपीसी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी चाईल्ड लाईन कांकेर इत्यादि सम्मिलित है।

## निधन

### अनुज गुप्ता



**धमतरी।** ब्राह्मणपारा वार्ड निवासी अनुज (रूसिया) गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को शाम 4 बजे निवास स्थान ब्राह्मणपारा से शांतिघाट के लिए निकली। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

---

भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जिपं क्षेत्र क्र. 11 में जीत का परचम लहराया

# अजय ध्रुव ने 8000 से अधिक मतों से दर्ज की जीत

- विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता ने जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी अजय फत्तेलाल ध्रुव ने जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 से 8000 से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज की। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास, भाजपा की संगठित रणनीति और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है।

अजय फत्तेलाल ध्रुव की यह जीत जनता की आकांक्षाओं और भाजपा की विकासपरक सोच का परिणाम है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में अपार समर्थन मिला। जनता को विश्वास था कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि हर गांव, हर किसान, हर परिवार की आवाज है। अजय को किसानों, महिलाओं, युवाओं और समाज के सभी वर्ग का प्रेम मिला।

#### मार्गदर्शकों का मिला समर्थन व आशीर्वाद, सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया

अजय ध्रुव ने अपनी इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, नगर निगम महापौर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, रंजना साहू, पिंकी शाह, श्रवण मरकाम के मार्गदर्शन और आशीर्वाद को दिया। साथ ही चुनाव प्रभारी कमल डागा और सह प्रभारी टेलेश्वर ठाकुर की कुशल रणनीति एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत ने इस जीत को ऐतिहासिक बना दिया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया और मतदाताओं को विकास के प्रति जागरूक किया।

#### भाजपा की जनसेवा और विकासपरक सोच की जीत

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अजय फत्तेलाल ध्रुव की यह विजय जनता के अपार प्रेम, भाजपा संगठन की मजबूत रणनीति और केंद्र व राज्य सरकार की लोकहितकारी योजनाओं की जीत है। यह चुनाव साबित करता है कि जनता अब केवल उन्हीं नेताओं को चुनना चाहती है, जो धरातल पर काम करें और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर समय तत्पर रहें।

#### हमने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई सपने देखे हैं

अजय फत्तेलाल ध्रुव ने कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं है। यह जीत जनता के विश्वास, भाजपा संगठन की नीतियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत की जीत है। यह जीत उन सपनों की जीत है, जो हमने अपने क्षेत्र के विकास के लिए देखे हैं। मैं इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की नीतियों को समर्पित करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि अब मेरी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी इस भरोसे को बनाए रखना और अपने क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में जाकर ग्रामीणों से विचार-विमर्श कर विकास की योजनाओं को बनाकर उन्हें पूरी तरह लागू करना है। मेरा प्रयास रहेगा कि किसानों को अधिक सुविधाएं मिलें, युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएं, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए योजनाएं लागू हों और क्षेत्र के सभी बुनियादी विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मैं अपने क्षेत्र के हर नागरिक के साथ खड़ा रहूंगा और उनके सपनों को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत करूंगा। मेरा संकल्प है कि विकास और सुशासन की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी, ताकि हमारा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित और आत्मनिर्भर पंचायत क्षेत्र बने।

## मगरलोड कालेज में बी सर्टिफिकेट के लिए हुई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई के द्वारा बी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बाहय परीक्षक के रूप में कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेंद्र बंजारे महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय भखारा थे। उनके द्वारा वाइवा में रासेयो लेने का उद्देश्य, लक्ष्य, लक्ष्य गीत, सिद्धांत वाक्य, चिन्ह, इतिहास, रासेयो लेने से होने वाला परिवर्तन, नियमित गतिविधियों द्वारा समाज के लिए किया जाने वाले कार्य व सप्त दिवसीय शिविर का अनुभव आदि के बारे में प्रश्न पूछा गया तथा सी सर्टिफिकेट परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस परीक्षा में 16 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमा चंद्राकार, निरूपा साहू, दीपक कश्यप, योगेश साहू समेत समस्त सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि योजना की राशि दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्र. 10 निवासी किरण ध्रुव पिता जगदीश ध्रुव की मृत्यु उपरांत उनके परिजनों को श्रद्धांजलि योजना की राशि 2000 रुपये पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा व पार्षद डागेश्वरी साहू ने प्रदान की। मौके पर दुर्गा प्रजापति, चंदू ध्रुव, कमल जैन समेत अन्य उपस्थित थे।

## निकाय व पंचायत चुनाव में क्षेत्र की जनता ने अजय के विकास रथ को चुना : अनुराग

- कांग्रेस को बीजेपी ने अपनी सियासी चाल से मात दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनुराग चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की शानदार जीत और कांग्रेस पार्टी की दुर्दशा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मेहनत और युवाओं व महिलाओं की जागरूकता का प्रमाण है।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे को देखें तो जनता भाजपा के साथ खड़ी नजर आती है। कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आने वाले 5 जिला पंचायत क्षेत्र में से 4 में भाजपा का परचम लहराना, कुरूद जनपद पंचायत में 25 में से 22 जनपद सदस्यों का भारी भरकम जनादेश और कुरूद विधानसभा क्षेत्र में आने वाले दोनों नगरीय निकाय नगर पंचायत कुरूद एवं नगर पंचायत भखारा की कमान भाजपा को सौंपा जाना, वहीं बीजेपी के खाते में जिला पंचायत की 13 में से 11 सीटें आई हैं।

कांग्रेस को महज 2 सीट पर जीत मिली है। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस को बीजेपी ने अपनी सियासी चाल से मात दी है जो इस बात को साबित करता है कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र की जनता झूठ बोलने वालों और भ्रष्टाचार के नए नए तरीके इजाद करने वालों को नकार कर मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को स्वीकार किया है। यह क्षेत्र अजय चंद्राकर का प्रभाव वाला रहा है। उनकी प्रभावशीलता का लाभ बीजेपी को जिला पंचायत के सदस्यों के चुनाव में भी मिला है।

## जिला जेल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर





**धमतरी।** जिला जेल में आईटीसीआई सेंटर जिला चिकित्सालय एवं हिन्दुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन टेस्ट के सहयोग से श्रीमती नंदनी साहू कोवडिनेटर, जयप्रकाश लैब टेनोलॉजिस्ट द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जेल में परिरूद्ध 30 बंदियों का एचआईवी, वीडीआरएल, रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में एनके डहरिया, सहायक जेल अधीक्षक, लीलाराम साहू, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरपंच एवं पंचों ने निकाला विजय जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत अमाली में हिरौंदीबाई सरपंच चुनी गई। उन्होंने 110 वोटों से जीत दर्ज की। हिरौंदीबाई के सरपंच बनने पर गांव में खुशी की लहर है।

वार्ड क्र. 1 से देवकुमार कश्यप, 2 से तुलेश्वरी बाई ध्रुव, 3 से लताबाई मरई, 4 से जीतबाई भारद्वाज, 5 से हरचंद साहू, 7 से इंद्राबाई ध्रुव, 8 से अंकुश देवांगन, 9 से वर्षा रूपेंद्र साहू, 10 से किरणबाई कोसरे पंच चुने गए। सोमवार को विजयी सरपंच एवं पंचों ने गांव में विजय जुलूस निकाला।

## सांकरा पंचायत से नागेंद्र बने युवा सरपंच, मिली बड़ी जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

नगरी ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत में सांकरा में हुए सरपंच चुनाव में नागेंद्र बोरझा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को लगभग 400 वोटों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। उनकी इस जीत से गांव में उत्साह का माहौल है।

गांव में जश्न का माहौल रहा। नागेंद्र ने अपनी जीत को जनता की जीत बताया और कहा कि वे पंचायत के विकास और जनसेवा के लिए पूरी मेहनत करेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि एक युवा नेतृत्व से पंचायत को नई दिशा मिलेगी। गांव का विकास होगा।

## सफाई चौपाल में वार्डवासियों को बताया, स्वच्छता का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर निगम धमतरी ने आयुक्त प्रिया गोयल के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सफाई चौपाल का आयोजन किया। इसका उद्देश्य स्वच्छता की आदत विकसित करना और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। कार्यक्रम में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:30 बजे औदयोगिक वार्ड और नवागांव वार्ड में हुई,जिसका आयोजन गंगा तालाब के पास किया गया था। इस अवसर पर पार्षद छोटू वर्मा और तल्लीनपुरी गोस्वामी ने वार्डवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। इसके बाद सुबह 9:30 बजे मोटर स्टैंड वार्ड और सुंदरगंज वार्ड में मकाई गार्डन के पास सफाई चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान पार्षद नरेंद्र रोहरा और राकेश चंदवानी ने नागरिकों के साथ संवाद किया और सफाई से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की। स्थानीय निवासियों ने कचरा प्रबंधन, नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान लगाने की मांग रखी।

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। नागरिकों ने कचरा इधर-उधर न फेंकने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने और अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया।

#### शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी की जिम्मेदारी

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि धमतरी को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस तरह की सफाई चौपालों का आयोजन लगातार किया जाएगा, जिससे नागरिकों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुरुद ब्लाक अंतर्गत आने जनपद क्षेत्र क्रमांक 18 जोरातराई (अंवरी) से कांग्रेस के कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजू साहू को भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद यदु ने 460 वोटों से हराकर जनपद सदस्य की सीट जीत ली है। श्री यदु के जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर समर्थकों में हर्ष है।

अपनी जीत का श्रेय पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मेहनत और युवाओं -महिलाओं की जागरूकता को देते हुए श्री यदु ने कहा कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र की जनता झूठ बोलने वालों और भ्रष्टाचार के नए नए तरीके इजाद करने वालों कांग्रेसियों को पहचान चुकी है। मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन और विधायक अजय चंद्राकर की विकास परक सोच के साथ सबका साथ सबका विकास करने मुझे जिताया है। देश की आजादी के बाद पहली बार कुरूद जनपद पंचायत में 25 में से 22 जनपद सदस्यों का भारी भरकम जनादेश मिला है।

## बाल श्रम और दहेज प्रथा पर लिखा निबंध



**धमतरी।** बालश्रम और दहेज प्रथा जैसे सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के उद्देश्य से शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने लड़कियों को निबंध लेखन एवं चर्चा परिचर्चा के माध्यम से बताया कि किस प्रकार समाज में बालश्रम और दहेज प्रथा आज भी यदाकदा दिखाई देती है । दोनों ही कुरीतियां समाज के निम्न लोगों को आज भी उबरने नहीं दे रही है। शिक्षक ने बताया कि हमें दोनों कुरीतियों को समाज से दूर करने में समाजिक एकता , नियमावली को सुदृढ़ करना है। निबंध लेखन से लड़कियों ने अपनी- अपनी पीड़ा व्यक्त की है कि किस प्रकार बालश्रम और दहेज प्रथा से समाज का कुछ वर्ग खोखला हो रहा है जिससे समाजवाद की परिकल्पना अधूरा ही रह जायेगी।

शिक्षाकर्मी भर्ती 2007 का मामला

## शिक्षाकर्मी वर्ग 3 सुनील की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी भर्ती वर्ष 2007 के दौरान सुनील कुमार ने फर्जी डीएड प्रमाण-पत्र के आधार पर 11 अंक का लाभ लिया एवं शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर चयनित हुए। इसकी जानकारी प्रार्थी कृष्णकुमार साहू चंदना ने प्राप्त की। सुनील वर्तमान में प्राशा भरदा जिला बलौदाबाजार में कार्यरत होकर शासन की सुविधाएं ले रहा है। इस मामले को लेकर प्रार्थी ने मगरलोड थाना में अपराध क्रमांक 124/11 पंजीबद्ध करवाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी। न्यायालय में मामला दर्ज होने के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी धमतरी की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। सुनीलकुमार की ओर से अधिवक्ता डोमारसिंह मोरार ने दलील पेश की। शासन की ओर से मनोहरलाल क्षत्री विशेष लोक अभियोजक ने इसे संगीन मामला बताते हुए जमानत आवेदन खारिज करने न्यायालय को दलील दी। जिस पर शिक्षाकर्मी सुनील कुमार जांगड़े की अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो गई। सुनवाई सोमवार को हुई है।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ

**सांकरा।** हाईस्कूल सांकरा में 16 से 19 फरवरी तक 51 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री साधुमार्गी जैन संघ सांकरा नगरी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रखा गया। शिविर में लगभग 509 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया।

## कक्षा दसवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल भैंसबोड़ में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत बच्चों को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य एस.आर. रिगरी, व्याख्याता पी.एस. मरकाम, डी.के. साहू, बी. साहू, जे.पी. तिवारी एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष तारक, शिव कुमार साहू, गोपीराम साहू, नवनिर्वाचित पंच भानुप्रताप साहू व शाला प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान 40 बच्चों को श्री रामचरितमानस पुस्तक का वितरण किया गया। यह जानकारी दानेश्वर साहू व्याख्याता ने दी है।

## सभी दलहन-तिलहन फसल की समर्थन मूल्य पर हो खरीदी



**कुरुद।** राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की पहल पर स्थानीय कृषकों ने रबी सीजन में दलहन-तिलहन चना, तिवरा, मसूर, गेहूं, अरहर, सरसों, अलसी, उड़द, मटर की फसल ली है जिसका कटाई मिंजाई 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन करने से पानी का दोहन कम हुआ एवं बिजली की भी बचत हुई। जिला प्रशासन ने केवल चना खरीदी के संबंध में गाइडलाइन जारी की है। किसान बाकी फसल को बिचौलियों के हाथ में लुटाने ज रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से दलहन-तिलहन की पूरी फसल खरीदने की मांग की है। संघ ने 1 माह पूर्व दलहन-तिलहन खरीदी के संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### होली के आगमन का संदेश दे रहा पलाश के फुल

**दुर्गूकोंदल।** फागुन के महीने की शुरुआत होते ही अंचल में होली पर्व के आगमन को लेकर मौसम में परिवर्तन के साथ फूलों का रंग की बाहर देखने को मिल रही है। होली के पर्व के पूर्व अंचल में पलाश का फूल दिख रहे हैं, जो काफी मनमोहक सुंदरता लुभावना प्रतीत हो रहा है। यह पलाश के फूल आपको रिझाते नजर आएंगे। फागुन की दस्तक के साथ पलाश अब धीरे-धीरे अपने शबाब पर आने लगा है। आड़े टेढ़े पलाश के पेड़ बिना फूल के बहुत अजीब से लगते हैं पर जैसे ही फूल आते हैं पूरे क्षेत्र की रौनक बदलकर रख देते हैं। नैसर्गिक सौंदर्य ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया है।

### जनपद सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र




**दुर्गुकोंदल।** जिले के जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के लिए जनपद सदस्य पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 01 कलंगपुरी से सुलोचना कोरेटी, क्षेत्र क्रमांक 02 हाटकोंदल से आनंद कुमार तेता, क्षेत्र क्रमांक 03 लोहत्तर से विकास राजू नायक, क्षेत्र क्रमांक 04 बरहेली से पीलम नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 05 भंडारडिग्गी से सविता उयके क्षेत्र क्रमांक 06 सुरूंगदोह से निर्मला कोवाची, क्षेत्र क्रमांक 07 कोण्डे धनसाय हुर्रा, क्षेत्र क्रमांक 08 दुर्गूकोंदल से गोपी बढ़ाई, क्षेत्र क्रमांक 09 कोड़ेकुर्सी से अमृत कोटिंगला, क्षेत्र क्रमांक 10 हामतवाही से सुशीला गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 11 कोदापाखा से हेमलता उइके को प्रमाण पत्र दिया गया।

किसानों ने महसूस कराया कि यह सिर्फ अरुण की नहीं, हर किसान की लड़ाई थी

# अरुण की 15,000 से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत, जनता ने किसान पर लुटाया अपार प्रेम





### जनता ने किसान नेता को दिया अभूतपूर्व समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के चुनाव में अरुण सार्वा ने 15,000 से अधिक मतों के भारी अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के अटूट विश्वास और भाजपा की संगठित रणनीति का परिणाम है। इस जीत से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि उन्हें विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व चाहिए।

इस चुनाव में सबसे खास बात यह रही कि जनता ने एक साधारण किसान को अपने नेता के रूप में स्वीकार कर नया इतिहास रच दिया। अरुण सार्वा की छवि एक सफल और संघर्षशील और किसान हितैषी की रही है। वे कई वर्षों से किसानों को समृद्ध बनाने के और हर मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान क्षेत्र के किसानों को यह महसूस हुआ कि यह केवल अरुण सार्वा का चुनाव नहीं, बल्कि हर एक किसान की लड़ाई है। किसानों ने अपने हृदय से उन्हें अपनाया और उन्हें सिर्फ उम्मीदवार नहीं, बल्कि अपनी आवाज के रूप में देखा। यह जनसमर्थन इस बात का प्रतीक है कि जनता अब ऐसे लोगों को चुनना चाहती है, जो न केवल उनकी समस्याओं को समझें बल्कि उनके समाधान और समृद्ध के लिए भी दिन-रात समर्पित रहें।

पूर्व मंत्री एवं कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, नगर निगम धमतरी के महापौर एवं प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी शाह, श्रवण मरकाम के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से 15971 से अधिक मतों से जीत दर्ज की।

### भाजपा संगठन की एकजुटता और कुशल रणनीति ने बनाई जीत की राह

अरुण सार्वा की इस शानदार जीत में भाजपा संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं की मेहनत और वरिष्ठ नेताओं के कुशल मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के कुशल नेतृत्व, चुनाव प्रभारी रविशंकर दुबे और सह प्रभारी मोहन नाहटा की रणनीति ने चुनावी अभियान को मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही नपं नगरी के अध्यक्ष बलजीतसिंह छाबड़ा, पारस साहू, सुगंध साहू, पवन साहू, गिरवी भंडारी, अनिल वाधवानी, खेमेन्द्र साहू, सतीश साहू, हितेश, महेश सिन्हा, विवेक साहू, गोपी कश्यप, जितेंद्र मंडावी, रेवा तिवारी, जीवन साहू, सत्संग साहू, लव साहू, सत्ती मरकाम, डीके यादव, शकुनबाई, हिरवानी कश्यप, जन्मेजय साहू, बलदाऊ यादव, रामदास, जनकराम साहू, सुन्दरलाल साहू, प्रभा साहू, बिसाहिनबाई, शारदा पटेल, राधाबाई, शबरीबाई भंडारी, शशि भूषण साहू सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर जीत की नींव रखी।

### रचा नया इतिहास, जनता ने विकास के लिए दिया जनादेश

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अरुण सार्वा की यह विजय जनता के अपार प्रेम और भाजपा संगठन की कुशल रणनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जनता ने केवल मतदान नहीं किया, बल्कि अपने विश्वास, अपने सपनों और अपने भविष्य को एक मजबूत नेतृत्व के हाथों में सौंप दिया। अब सभी की निगाहें अरुण सार्वा के आगामी लक्ष्य और कार्यकाल पर होंगी, जहां वे अपने वादों को साकार कर क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### यह जीत आपकी है, यह जीत जनसेवा की है

ऐतिहासिक जीत के बाद अरुण सार्वा ने कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, यह जीत जनता की है, भाजपा संगठन की है, उन सभी कार्यकर्ताओं की है जिन्होंने दिन-रात परिश्रम किया। यह जीत उन सपनों की जीत है जो हमने क्षेत्र के विकास के लिए देखे हैं। जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे चुना है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। मेरा लक्ष्य है कि क्षेत्र के हर गांव, हर परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचे। किसानों, युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए मैं समर्पित रहूंगा।

### जनता की आवाज कभी दबने नहीं दूंगा

उन्होंने आगे कहा कि मैं यह वादा करता हूं कि जनता की आवाज कभी दबने नहीं दूंगा। मेरा हर प्रयास होगा कि गांवों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर हों, किसानों को उन्नत तकनीक और सुविधाएं मिले, युवाओं के लिए स्वरोजगार और शिक्षा के अवसर सुलभ हों। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाएं लागू होंगी। गरीबों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। यह जीत मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। मैं हर समस्या का समाधान निकालने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। जनता का यह अपार स्नेह और समर्थन मेरी ताकत है और मैं इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। विकास, सुशासन और पारदर्शिता के साथ मैं हर नागरिक के साथ खड़ा रहूंगा और आपके सहयोग से क्षेत्र को समृद्धि और उन्नति की नई ऊंचाइयों तक ले जाऊंगा।

## पंचायत चुनाव : जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत : बैस

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम धमतरी, जिला पंचायत की 11 सीटें, जनपद पंचायत धमतरी, जनपद पंचायत कुरुद, जनपद पंचायत मगरलोड, जनपद पंचायत नगरी, नगर पंचायत कुरूद, नपं नगरी, नपं भखारा और नपं आमदी में भारी बहुमत से जीत हासिल कर अपनी सरकार बनाई है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री बैस ने कहा कि यह जीत भाजपा की मजबूत संगठनात्मक संरचना, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण से किया, जिसका परिणाम आज इस विजय के रूप में हमारे सामने है।

### अजय के मार्गदर्शन और वरिष्ठ नेताओं के सहयोग से बनी जीत की रणनीति

इस प्रचंड जीत का श्रेय कुरुद विधायक अजय चंद्राकर को देते हुए श्री बैस ने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और चुनावी अनुभव ने भाजपा की रणनीतियों को मजबूती प्रदान की। इसके अलावा प्रदेश महामंत्री एवं नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, श्रीमती रंजना साहू, श्रीमती पिंकी शाह और श्रवण मरकाम ने भी चुनावी अभियान को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी बताया कि जिपं धमतरी के चुनाव प्रभारी विकल गुप्ता, सहप्रभारी डेनिस चंद्राकर और विभिन्न जिला पंचायत क्षेत्र और जनपद क्षेत्रों के प्रभारी एवं सह प्रभारियों ने कुशल रणनीति बनाकर चुनाव को भाजपा के पक्ष में करने में विशेष योगदान दिया।

### कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के आशीर्वाद से मिली जीत

श्री बैस ने भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं ने दिन-रात जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को बताया और भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ाया। हर बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मेहनत ने यह सुनिश्चित किया कि भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिले। यह जीत भाजपा के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की मेहनत का फल है। उन्होंने आगे कहा कि मैं जिले के सभी मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, मीडियाकर्मियों और उन सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने भाजपा को समर्थन देकर इस ऐतिहासिक विजय को संभव बनाया।

## ठेनही में निर्विरोध सरपंच एवं पंच चुने गए



**नगरी।** नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम पंचायत ठेनही में निर्विरोध सरपंच-पंच चुने गए। सरपंच ज्योति सोम व पंच रुपेश नाग, जितेन्द्र बोरझा, सुनीतीबाई नाग, दिनेश यादव, सुरेश सोरी, रमेश धुव, भुवनेश्वरी यादव बनाए गए हैं। मौके पर हेमलाल ओटी, नेहरूलाल गौर, पुनऊराम, कल्याण सोम, संतन भंडारी, देवराज सोम, बुलाखु बोरझा, उदय चनाप, छत्तर यादव, महेश नाग, कुलंजन चनाप, पंचूराम ओटी, कृपाराम ओटी, पंचम ओटी, अश्विनी ओटी, रोहित नागेश, मंगतुराम, तरुणराम, मानसिंह, पंचूराम, कल्याण यादव, श्यामलाल धुरु, शोभूराम ध्रुव, शोभितराम समेत अन्य मौजूद थे।

## समाज सेवा के लिए कृषि वैज्ञानिक का पद छोड़ा

- अजय ध्रुव ने 8008 मतों से जीता जिपं सदस्य का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



भाजपा के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अजय फत्तेलाल ध्रुव पेशे से कृषि वैज्ञानिक हैं। बीटेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद 3 साल तक मप्र में सर्विस में रहे। इस दौरान वे कई अनुसंधान किए। कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक विकसित की। डेढ़ साल तक फारेन में सर्विस की। चुनाव जीतने के बाद अजय ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि उनका रूझान हमेशा समाजसेवी के क्षेत्र में रहा है। चूंकि उनकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि भी ऐसी ही रही है। पिता स्व. फत्तेलाल ध्रुव पेशे से कृषक रहने के बाद समाज और राजनीति से जुड़कर लंबे समय तक समाजसेवा करते रहे। सरपंच बनने के बाद स्व. फत्तेलाल जिला पंचायत सदस्य भी निर्वाचित हुए। सभापति बनकर अंचल में करोड़ों के विकास कार्य कराए। अजय ने पिता से प्रेरणा लेकर सरकारी नौकरी छोड़ दी और समाजसेवा का रास्ता चुना। 31 साल की उम्र में उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता। वे 8008 मतों से चुनाव जीते हैं। अजय ध्रुव गोंड़ समाज के जिला पदाधिकारी रहकर समाज की लंबे समय से सेवा कर रहे हैं।

## मड़ाईभाठा में चंद्रेश बने सरपंच



**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम मड़ाईभाठा में पिछले दो चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए लेकिन इस बार भाजपा समर्थित प्रत्याशी चंद्रेश चांद विजयी हुए।

चंद्रेश को मोखा से 142 वोट एवं मड़ाईभाठा से 381 वोट मिले। उन्होंने 87 वोट से विजय प्राप्त की। पूरे चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, शांतनु राव शिंदे, कमलेश यदु, राधाकिशन कदम, बूथ अध्यक्ष नंदराम ध्रुव, घनश्याम देवांगन, मन्नू राम, लीलेश्वरी साहू, संतोष देवांगन, दुष्यंत साहू, यशवंत साहू ने निभाई। कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर खुशियां मनाई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# अंडरग्राउंड नाली निर्माण के बाद आमापारा वार्ड के लोगों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

- स्लूज सिस्टम के माध्यम से साफ पानी तालाब में जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





हल्की बारिश में ही आमापारा वार्ड की सड़कों में कमर तक पानी भर जाता है। पानी के उतरते तक 3 से 4 घंटे लग जाते हैं। लगातार बारिश के बाद तो स्थिति और भयावह हो जाती है। कई दिनों तक मार्ग अवरूद्ध हो जाता है।

आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन प्रशासन, निगम को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद जिला कलेक्टर, निगम आयुक्त, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्पॉट निरीक्षण कर शासन को अंडर ग्राउंड नाली बनाने का प्रस्ताव भेजा जिस पर शासन स्वीकृति ने दे दी है। अब बारिश का साफ पानी नजदीक के मकई तालाब में जाएगा। श्री मोटवानी ने बताया कि आमापारा वार्ड में जलभराव की स्थिति पिछले 50-60 साल से थी, लेकिन किसी ने भी इस क्षेत्र में कार्य नहीं किया। वार्डवासी व राहगीरों की मांग पर उन्होंने पहल की जिस पर शासन ने आमापारा वार्ड से आमापारा चौक, यतीमखाना, मंगल भवन गली, अरिहंत मेटल तक 50 लाख की लागत से ओपन नाली निर्माण की स्वीकृति दी जिसका निर्माण कार्य जारी है। इसी तरह अरिहंत मेटल से घड़ी चौक, मकई गार्डन तक अंड रग्राउंड नाली का निर्माण 13 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। संभवतः अप्रैल तक काम पूरा हो जाएगा। नाली बनने के बाद पानी की निकासी अंडरग्राउंड होगी जिसकी लंबाई 350 मीटर है। जमीन के अंदर 20 इंच चौड़ी सीमेंट की पाइप डाली जा रही है। अब वार्डवासियों को आगामी बारिश के मौसम में राहत मिलेगी।

निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया निगम द्वारा डीएमएफ फंड के माध्यम से आमापारा से मकई तालाब तक नाली व अंडर ग्राउंड पाइप बिछाई जा रही है। इसके माध्यम से वार्ड में भरने वाला बरसाती पानी आसानी से निकल जाएगा। इस पानी से मकई तालाब को भरा जायेगा। निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। तालाब के पास ड्रेनेज सिस्टम में स्लूज सिस्टम बनाया जाएगा, जिससे साफ पानी तालाब में जाएगा। आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि शहर में जलभराव न हो इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जा रहा है। नालियों की सफाई, नई नाली का निर्माण किया जा रहा है ताकि बरसाती पानी की निकासी बेहतर ढंग से हो।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिकरन
राशिः-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

CBSE AFFILIATION NO. 3330248
आवश्यकता है
ड्राईवर - 04 | प्लम्बर - 01
कंडक्टर - 04 | इलेक्ट्रीशियन - 01
कुक - 02 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर - 01
किचन हेल्पर - 03 | चपरासी (प्यून) - 01
मेस सर्विस स्टॉफ - 07 | सिक्यूरिटी गार्ड - 04
हाउस कीपिंग स्टॉफ - 06 | सिक्यूरिटी सुपरवाईजर - 01
स्वीपर - 03 | हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग इंजीनियर - 01
वार्ड बॉय फॉर हॉस्टल - 04 | नर्स - 01
वार्ड गर्ल फॉर हॉस्टल - 04 | धोबी - 04
इच्छुक आवेदक कार्यालय में प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक बायोडाटा के साथ संपर्क करें
जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल
सरंगपाल, कांकेर, मो.: 9109969303